>

Title: Need to set up a Barrage on river Yamuna in Agra to facilitate supply of clean drinking water in the city.

प्रो. रामशंकर (आगरा): आगरा को प्राचीन एवं विश्व धरोहर के रूप में जाना जाता है। यहां दुनिया भर से देशी, विदेशी एवं वी.आई.पी. व्यक्ति लाखों की संख्या में आते हैं। आगरा में पानी खारा है जिसमें टी0डी0एस0 की मात्रा 2000-5000 तक है जिसके कारण कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित होकर गरीब आदमी अधिक समय तक नहीं जीता है। शारीरिक अपंगता एवं मानसिक बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शहर की आबादी 30 लाख है। जिसका बहुत बड़ा भाग इसकी चपेट में है। यमुना में पानी न होने के कारण गन्दे नाले के पानी को वाटर वर्क्स द्वारा अपर्याप्त मात्रा में सप्लाई किया जाता है। यह पानी कीड़ायुक्त तथा बदबूदार होता है। पानी का जल स्तर भी निरंतर नीचे की ओर जा रहा है। यमुना पर बैराज की मांग लंबे समय से चली आ रही है। जिसका शिलान्यास भी पिछले समय हो चुका है। बैराज बनने से ताजमहल की नींव में जो लकड़ी है वह भी सुरक्षित रहेगी तथा यमुना में पानी रहने से सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ साथ नौकायन को भी बढ़ावा मिलेगा।